सांजटा पर पत्रावली पेश हो।

उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

17.05.2018

पत्रावली बमुकाम अटल सेवा केन्द्र सांजटा पर पेश हुई। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण अनुपस्थित। प्रार्थीगण ने राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251 (ए) की उपधारा–1 के अन्तर्गत प्रस्तुत कर सुखाचार हेतु ग्राम आसूओं की ढाणी में स्थित खसरा नम्बर 531/231 रकबा 101.07 बीघा भूमि प्रार्थीगण की खातेदारी में आया हुआ है। उक्त खेत में आवागमन हेतु रास्ता अप्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 491/288, 287, 512/286 व 516/281 में से चलता है। प्रार्थीगण उक्त सुखाचार हेतु उपयोग में लिये गये रास्ते का मूल्य अदा करने को तैयार है। ऐसी स्थिति में उक्त भूमि रास्ते हेतु घोषित की जाकर नियमानुसार राशि प्रार्थीगण से वसूल कर अप्रार्थीगण को दिलाई जाकर प्रस्तावित रास्ता राजस्व अभिलेख में अंकित किये जाने का निवेदन किया।

आवेदन पत्र पंजीयन कर अप्रार्थीगण को सुनवाई हेतु सम्मन जारी किया गया। अप्रार्थीगण की और से कोई जवाब प्रस्तुत नही किया गया। तहसीलदार बाडमेर से मौका प्रतिवेदन एवं भूमि की प्रचलित दरें प्रस्तुत करने हेतु निर्देश जारी किये गये। तहसीलदार बाडमेर की ओर से शिविर में मौका फर्द जो भू–अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी हल्का द्वारा तैयार किया गया, को प्रस्तुत किया।

पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख से स्पष्ट है कि अप्रार्थी संख्या 03 दीपाराम पुत्र हरलालराम का स्वर्गवास हो चुका है और उसके वारिसान के नाम राजस्व अभिलेख में जरिये नामान्तकरण संख्या 145 दिनांक 17.05.2018 द्वारा अमल दरामद किया जा चुका है। अतः दीपाराम के स्थान पर विक्रमसिंह पुत्र दीपाराम वनूदेवी पत्नी दीपाराम को पत्रावली के

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner

तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवदेन संख्या 304/2014 अनवान डालूराम बनाम रामा वगैरह**

अभिलेख पर कायम मुकाम दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार ग्राम आसूओं की ढाणी में प्रार्थीगण के सुखाचार हेतु निम्नांकित खातेदारान् की भूमि की नियमानुसार राशि प्रार्थीगण राजकोष में जमा करावे:-

क्र. सं.	नाम खातेदार मय वल्दियत	खसरा नम्बर	रास्ते में जाने वाला रकबा (बीघा में)	डीएलसी दर	डीएलसी दर की दुगुनी राशि
1	विक्रमसिंह पुत्र दीपाराम वनूदेवी पत्नी दीपाराम निम्बाराम वालाराम पिसरान हरलालराम देवराज मानसिंह पिसरान चेनाराम मु. हथुदेवी पत्नी चैनाराम कुंभा पुत्र पदमा जाति जाट सा. देह खातेदार	491/288	01.02	40356.00	88783.00
2	गुमना पुत्र विरधा जाति जाट सा. देह खातेदार	287	0.11	40356.00	44392.00
3	रामा पुत्र विरधा जाति जाट सा. देह खातेदार	512/286	0.12	40356.00	48427.00
4	भीखा गोद पुत्र भुरा जाति जाट सा. देह खातेदार रहन जेटीजीबी शाखा होडू	516/281	01.13	40356.00	133175.00
	योग :-	04	03.09	—	314777.00

तहसीलदार बाडमेर उक्त राशि अक्षरे तीन लाख चौदह हजार सात सौ सित्तियोतर रू. प्रार्थीगण द्वारा जमा करवाने पर राजस्व अभिलेख में अमल दरामद कर लठा ट्रेस मे तरमीम करावे तथा उक्त राशि का विभाजन कर नियमानुसार राशि अप्रार्थीगण को भुगतान करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मौका फर्द के संलग्न प्रस्तुत नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय मजमे आम में सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी
बाडमेर

Scanned by CamScanner